बी एच ई एल
BHEL

| | |
|---|---|
| निविदा संदर्भ: | **बीएचईएल / ईपीडी /एमएम / शटर्स/ 50001548** |
| निविदा तिथि : | **31.08.2016** |
| निविदा खोलने की तिथि: | **20.09.2016** |

बीएचईएल-ईपीडी, बेंगलूर, संलग्न **विनिर्देश सं. ईपी-वेक्स-एसपीवी-एडी/ 2016-17** के अनुसार **एसपीवी बे** के लिए **मोटराइज्ड रोलिंग** एवं **रेपिड रोल अप शटर्स** खरीद हेतु निविदा प्रस्तुति के लिए आग्रह करता है।

निविदा निम्नलिखित पता पर नियत तिथि को अपराहन 2 बजे (भारतीय समय के अनुसार) या इससे पहले भेजें:-

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक / सामग्री प्रबंधन
भारत हेवी ईलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड
ईलेक्ट्रोपोर्सलेन्स डिवीजन
पोस्ट बॉक्स सं. 1245, भारतीय विज्ञान संस्थान पोस्ट
बेंगलूर- 560012

निविदा की प्रस्तुति दो भागों में होनी चाहिए :

I. भाग 'अ': टेक्नो-कॉमर्शियल बिड
II. भाग 'ब': प्राईस बिड

दोनों भागों के निविदा दस्तावेजों को अलग-अलग लिफाफे में मोहरबंद करने के पश्चात उस पर भाग का नाम, निविदा संख्या, नियत तिथि और आपूर्तिकर्ता का नाम लिख कर, दोनो मोहरबंद लिफाफों को एक अन्य लिफाफा में डाल कर मोहरबंद करें और उसके उपर निविदा संख्या, नियत तिथि और आपूर्तिकर्ता का नाम लिख कर, इसे स्वागत कार्यालय में रखे **'टेंडर बॉक्स-ईपीडी'** नामक निविदा बॉक्स में नियत तिथि व समय या इससे पहले डाल दें।

टेक्नो-कॉमर्शियल प्रस्तुति और कीमत की बोली, दोनों को एक साथ खुले रूप में नहीं रखना है। सिर्फ टेक्नो-कॉमर्शियल बोली (भाग 'अ') को बिक्रेताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष नियत तिथि को खोला जाएगा। **निविदा संबंधी सभी जानकारियाँ, जैसे:- भूल-सुधार, अनुशेष, स्पष्टीकरण, नियत तिथि/समय में परिवर्तन इत्यादि, हमारे वेबसाईट www.bhel.com, www.bhelceramics.com पर ही उपलब्ध होंगे। बोली लगाने वाले हमारे वेबसाईट को नियमित रूप से देखे और अपने आप को अद्यतित रखें।** बीएचईएल को अधिकार है कि प्राप्त निविदा प्रस्तुति को खोले या बिना खोले भी, पुनः निविदा आमंत्रण जारी कर सकता है। हमारे टेक्नो-कॉमर्शियल आवश्यकताओं को पूरा कर रहे निविदाओं की कीमत बोली बाद में निर्धारित समयानुसार खोली जाएगी एवं योग्य विक्रेताओं को तदनुसार सूचित किया जाएगा ।

**बयाना राशि:** बयाना राशि रु.1,00,000/-(एक लाख रुपए मात्र), जो रेखांकित माँग पत्र/ भुगतान आदेश के रूप में **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, ईपीडी बेंगलोर** के नाम व **बेंगलोर** शाखा में देय होगी।

**बयाना:** यदि, बयाना राशि अनिवार्य है, तो इसे आरएफक्यू में दर्शाया जाएगा। बयाना राशि सिर्फ **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, ईपीडी बेंगलोर** के नाम व **बेंगलोर** शाखा में ही देय हो,जिसे या तो रेखांकित माँग पत्र या भुगतान आदेश के रूप में भेजें। विदेशी बोलीदाताओं के स्थिति में, **ई-पेयमेंट** द्वारा भी बयाना राशि जमा किया जा सकता है। इसका विवरण क्रय अधिकारी से प्राप्त की जाए। निविदा दस्तावेजों के अनुसार,बोली लगाने के पश्चात, यदि, सफल निविदाकर्ता किसी कारणवश सामग्री आपूर्ति आदेश का निरादर / बोली को वापस लेते/अपने तरफ से प्रस्ताव में एकतरफा परिवर्तन करते या इनमें से किसी नियम व शर्तों की अवहेलना वैध अवधि के अंतर्गत करते हैं, तो उनका बयाना राशि जब्त कर लिया जाएगा। असफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि, सफल निविदाकर्ता को एलओआई/ पीओ की क्रय आदेश जारी करने के पश्चात ही वापस किया जाएगा। सफल निविदाकर्ता का बयाना राशि कॉन्ट्रेक्ट एक्जकुशन बैंक गारंटी (सीईबीजी) जमा करने के बाद ही वापस किया जाएगा। बयाना राशि पर कोई सूद नहीं दिया जाएगा। निम्नलिखित परिस्थितियों में:- (अ) केंद्र/राज्य के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ सरकारी विभागों (ब) एमएसएमई के अंतर्गत सूक्ष्म या लघु उद्यमों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने पर, बयाना राशि माफ कर दिया जाएगा। यदि, सूक्ष्म या लघु उद्यमों के अंतर्गत छूट की दावा कर रहे हैं, तो अनुबंध-। में उल्लेखित प्रारूप के अनुसार लेखा परीक्षक का मूल प्रमाण पत्र (जिसमें दिनांक: 31.03.2016 के स्थिति अनुसार आप के कारखाना व साधन के अंतर्गत निवेश का विवरण हो) के साथ आप को सत्यापित / नोटरी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

संलग्नक:-

I. तकनीकी विवरण
II. अनुबंध **ए** से **एच** के लिए सामन्य नियम व शर्तें
III. जबाबी प्रतिक्रिया पत्र (बिना मूल्य दर्शाये प्राईस बिड फॉर्मेट के साथ टेक्नो-कॉमर्शियल प्रस्तुति को विधिवत् भरें और हस्ताक्षरित कर संलग्न करें)।
IV. एनईएफटी मेन्डेट फॉर्म
V. थर्ड पार्टी नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेन्ट

शेष पृष्ट 2 पर --------

बीएचईएल-ईपीडी के वास्ते-

वी. सोमशेकराचारी, वरिष्ठ प्रबंधक/ सामगी प्रबंधन

**किसी प्रकार की जानकारी व स्पष्टीकरण के लिए, कृपया निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क करें:-**


1) श्री वी. सोमशेकराचारी / व.प्र/साप्र
फोन:+918022182365/2263
मोबाईल: +919972122099
ई-मेल: soma@bhelepd.com

2) श्रीमती मेरी वर्गिस, वप्र/ साप्र
फोन:+918022182305
मोबाईल:+919449869627
ई-मेल:mary@bhelepd.com

3) श्री ए.के. शर्मा /वउमप्र/ साप्र
फोन: +918022182305/2263/2219
मोबाईल:+919449064320
ई-मेल:asharma@bhelepd.com

तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए:-

**वाई रवि**
प्रबंधक/परियोजनाएँ
फोन: +918022182375/2216
मोबाईल:+919900084174